an>

Title: Need to provide a rail link to Karauli District Headquarters In Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): महोदय, मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र करौली में रेल की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहूँगा। मैं बताना चाहूँगा कि करौली जिला मुख्यालय पर वर्षों से चली आ रही रेल की माँग आज भी पूरी नहीं हुई है। यहाँ पर खानों से निकलने वाला पत्थर अपनी अलग ही पहचान रखता है, लेकिन रेल लाइन नहीं होने से यहाँ व्यापार कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा करौली की एक रियासतकालीन पहचान भी है तथा जिले में कई प्रमुख धार्मिक स्थल भी हैं, जहाँ देश भर के श्रद्धालु लाखों की संख्या में पहुँचते हैं। साथ ही यहाँ पर पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं, लेकिन रेल लाइन के अभाव में देश के अन्य क्षेत्रों से करौली का सीधा जुड़ाव नहीं है और लोगों को आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूर्व में करौली-धौलपुर-गंगापुर सिटी रेलमार्ग के लिए सर्वे का कार्य किया गया था, लेकिन उसके बाद बजट के अभाव में रेल लाइन बिछाने का कार्य नहीं हो पाया।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि करौली जिला मुख्यालय को रेल लाइन से जोड़ने एवं लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रेल लाइन के लिए बजट स्वीकृत कराने की महती आवश्यकता है।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री अनुराग सिंह ठाकुर - उपस्थित नहीं।